अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-1** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) हमें सुबह कौन जगाता है?

(ख) चार अच्छी बातें लिखिए।

(ग) ब्राह्मण क्यों मारा गया?

(घ) एक दिन रामू को क्या सूझी?

(ङ) हाथी को खाने के लिए कौन देता था?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) हाथी ने दर्जी के लड़के से अपना _____ ले लिया।

(ख) जल देवता के हाथ में _____ की कुल्हाड़ी थी।

(ग) वहाँ बहुत अधिक _____ थी।

(घ) बड़ों का सम्मान तथा _____ एवं छोटों को _____ करो।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) भारत का राष्ट्रीय पुष्प कौन सा है?

(ख) 2 अक्टूबर को हम किस रूप में मनाते हैं?

(ग) लाल किला कहाँ स्थित है?

(घ) रंगों का त्योहार कौन सा है?

(ङ) बकरी के बच्चों को क्या कहते है?

(च) हाथी और बिल्ली में से कौन जंगली जानवर नहीं है?

(छ) किन्हीं पाँच प्राकृतिक वस्तुओं के नाम बताइए?

(ज) अपने आस-पास पाई जाने वाली किन्हीं चार निर्जीव वस्तुओं के नाम बताइए।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-2** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) बच्चे प्रभू से कैसा बनने की प्रार्थना कर रहे हैं?

(ख) हमारे माता-पिता हमारे लिए क्या करते हैं?

(ग) राजकुमार ने धन कमाने के लिए क्या किया?

(घ) लालची मनुष्य का स्वभाव कैसा होता है?

(ङ) बौनों ने पराग व प्रतीक को राक्षस के बारे में क्या बताया?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) _____ की सेवा करने से _____ भी प्रसन्न होते हैं।

(ख) मोनू को _____ बहुत पसंद थीं।

(ग) दूसरे शिष्य ने व्यापार में _____ से धन कमाया।

(घ) अपनी _____ पर वह पछताने लगा।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) झंडा दिवस कब मनाया जाता है?

(ख) दीपावली कैसा त्योहार है?

(ग) दिल्ली चलो नारा किसका है?

(घ) एक दिन में कितने घंटे होते हैं?

(ङ) कौन सा जानवर केवल रात में देख सकता है?

(च) गांधी जी की समाधि कहाँ है?

(छ) भारत कब स्वतंत्र हुआ?

(ज) किस त्योहार के अवसर पर नाव की दौड़ का आयोजन किया जाता है?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-3** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) बच्चा कैसा बनना चाहता है?

(ख) चिड़िया और चींटी कहाँ रहती थीं?

(ग) पाण्डु के पुत्रों के नाम लिखिए।

(घ) विद्या प्राप्त कर हम कैसे बनते हैं?

(ङ) हाथ में पहने जाने वाले एक आभूषण का नाम बताइए?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) शेखर अपने माता-पिता की _____ संतान था।

(ख) लता के पिताजी ने उसे कुछ _____ पुस्तकें उपहार में दी।

(ग) विद्या हमें सिखाती है कि क्या _____ है और क्या _____ है।

(घ) चिड़िया और चींटी में साथ रहने से _____ हो गया।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) पृथ्वी के चारों ओर कौन चक्कर लगाता है?

(ख) स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, ये शब्द किसने कहे?

(ग) प्रथम आई०पी०एस० भारतीय महिला कौन है?

(घ) विश्व की सबसे गहरी झील कौन सी है?

(ङ) विश्व की सबसे ऊँची चोटी का नाम बताइए?

(च) पंच महल कहाँ स्थित है?

(छ) पृथ्वी के कितने भाग पर पानी है?

(ज) कुछ प्रसिद्ध क्रांतिकारियों के नाम बताइए?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-4** **पूर्णांक : .....**

नोट-लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) भगवान से बच्चे क्या वरदान माँग रहे हैं?

(ख) हमारी माँ हमारे लिए क्या करती हैं?

(ग) दयानंद सरस्वती के गुरु का क्या नाम था?

(घ) व्यापारी के कितने बेटे थे? वे किस प्रकार रहते थे?

(ङ) राजकुमार रोहिताश्व की मृत्यु किस प्रकार हुई?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) जप, तप, दान बिना _____ के सफल नहीं होते।

(ख) स्वामी _____ दयानंद सरस्वती के गुरु थे।

(ग) क्रोध ही सब प्रकार की _____ की जड़ है।

(घ) धरती हमारा _____ करती है।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) विधान सभा कहाँ पर होती है?

(ख) भारत के उत्तर में कौन-सा पर्वत है?

(ग) पंजाब की राजधानी का नाम बताइए।

(घ) हिंदी किन-किन प्रांतों की भाषा है?

(ङ) एक हजार स्तंभों वाला एक बड़ा हॉल किस मंदिर में है?

(च) अशोक किस धर्म का अनुयायी था?

(छ) गरबा किस प्रांत का लोक नृत्य है?

(ज) दिल्ली में कौन-सी नदी बहती है?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-5** **पूर्णांक : .....**

नोट-लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) एकलव्य से द्रोणाचार्य ने गुरु दक्षिणा में क्या माँगा?

(ख) राजा के साथ क्या घटना घटी?

(ग) देवताओं को अभिमान क्यों हो गया?

(घ) रानी कहाँ स्नान करने की योजना बता रही थी?

(ङ) पन्ना उदयसिंह को लेकर कहाँ पहुँची?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) उदयसिंह और चंदन दोनों खाते-पीते और _____ थे।

(ख) जब तक तू गरीबों की _____ दोबारा तैयार नहीं कर देती, तब तक महल में न लौटना।

(ग) युद्ध में _____ की कृपा से देवताओं की दैत्य पर विजय हुई।

(घ) दूर-दूर तक द्रोणाचार्य का नाम _____ था।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) भारत का सबसे ऊँचा जल-प्रपात कौन-सा है?

(ख) एल०एल०बी०/L.L.B. का विस्तृत रूप लिखिए?

(ग) भारत में राज्यपाल का चुनाव कौन करता है?

(घ) साइमन कमीशन भारत कब आया?

(ङ) मानचित्र की पुस्तक को क्या कहते हैं?

(च) रेशम के कीड़े क्या खाते हैं?

(छ) सबसे अधिक गेहूँ पैदा करने वाला देश कौन-सा है?

(ज) बगीचों का शहर किसे कहते हैं?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-6** **पूर्णांक : .....**

नोट-लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) स्कॉटलैंड में उस समय कौन राज्य करता था?

(ख) आश्रम में किस बात की चर्चा होती थी?

(ग) राजा दशरथ ने अपने प्राण क्यों त्याग दिए?

(घ) कर्ण विश्व में आज भी क्यों प्रसिद्ध हें?

(ङ) पाँचों शिष्य किस नाम से पुकारे गए?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) देवव्रत के जन्म के कुछ दिन बाद गंगा और शांतनु में _____ हो गया।

(ख) बुरे लोग कितने ही _____ क्यों न हों एक दिन उनकी _____ अवश्य होती है।

(ग) महर्षि दधीचि बड़े _____ तथा _____ थे।

(घ) दरबार में गुरु गोविंद सिंह के हजारों _____ एकत्र थे।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) सरोजिनी नायडू को किस नाम से पुकारा जाता है?

(ख) रामायण के रचनाकार कौन है?

(ग) स्वतंत्र भारत के प्रथम ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन थे?

(घ) शाहजहाँ किसका पुत्र था?

(ङ) पृथ्वीराज चौहान की पत्नी का क्या नाम था?

(च) वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली गैस कौन-सी है?

(छ) मनुष्य का हृदय एक मिनट में कितनी बार धड़कता है?

(ज) भारत की सबसे लंबी सुरंग कौन सी है?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-7** **पूर्णांक : .....**

नोट-लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) हमें किसका ध्यान एवं अभिमान करना चाहिए?

(ख) गुरु जी द्वारा सिखाये पाठ का क्या नाम था?

(ग) कीचड़ में फँसी बैलगाड़ी किसने निकलवाई?

(घ) भीष्म पितामह को क्या वरदान प्राप्त था?

(ङ) कौआ घमंडी क्यों हो गया था?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) जल में भीगे _____ से उस कौए पर हंस को दया आ गई।

(ख) दुर्योधन _____ स्वभाव का व्यक्ति था।

(ग) मूलशंकर _____ से ही बड़े तीव्र बुद्धि के थे।

(घ) इस पाठ का नाम है—सदा _____ बोलो और कभी _____ न करो।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) 'राग देस' किस समय गाया जाता है?

(ख) प्रसिद्ध महाकुंभ का मेला किस स्थल पर लगता है?

(ग) आर्य समाज के संस्थापक कौन थे?

(घ) होमरूल लीग की स्थापना कब हुई?

(ङ) जय-जवान, जय-किसान किसका प्रसिद्ध नारा है?

(च) ताजमहल कहाँ स्थित है?

(छ) इलायची की पहाड़ियाँ कहाँ स्थित हैं?

(ज) उस्ताद जाकिर हुसैन किससे संबंधित है?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान नैतिक एवं सामान्य ज्ञान

समय : ..... **कक्षा-8** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड 'क'

नैतिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) भक्त ने ईश्वर के हाथों में क्या सौंप दिया है?

(ख) पाण्डु के कितने पुत्र थे? वे किस नाम से पुकारे जाते थे?

(ग) ईश्वर की सच्ची उपासना क्या है?

(घ) शिवि का शरीर पहले जैसा कैसा हुआ?

(ङ) सीता के विषय में आप क्या जानते हैं?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) परशुराम के शाप के कारण कर्ण _____ का प्रयोग भूल चुका था।

(ख) राम के आदेश से सीता _____ में प्रवेश कर गई।

(ग) अग्नि _____ का सच्चा मित्र था।

(घ) कौरव सौ भाई थे, जिसमें _____ सबसे बड़ा था।

खण्ड 'ख'

सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) रामचरित्मानस पुस्तक किसने लिखी?

(ख) हमारा राष्ट्रीय पशु कौन है?

(ग) भारत की सर्वप्रथम रंगीन फिल्म कौन सी थी?

(घ) दूरदर्शन का अंतर्राष्ट्रीय चैनल कब प्रारंभ हुआ था?

(ङ) मानव जैसा सबसे बड़ा पशु कौन सा है?

(च) हजारी बाग नेशनल पार्क कहाँ स्थित है?

(छ) भारत का सबसे ऊँचा जल प्रपात कौन-सा है?

(ज) भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा–1** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) चार निर्जीव वस्तुओं के नाम बताइए।

(ख) पत्तियाँ भोजन कैसे बनाती हैं?

(ग) स्पर्श का ज्ञान किस अंग द्वारा होता है?

(घ) वायु की दो प्रमुख गैसों के नाम बताइए।

(ङ) पृथ्वी के कितने भाग पर जल है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) पेड़, पौधे भी _____ होते हैं।

(ख) फूल से _____ बनते हैं।

(ग) पक्षियों में _____ की शक्ति अधिक होती है।

(घ) वायु _____ घेरती है।

(ङ) पौधे जड़ों द्वारा जल _____ है।

3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–

(क) निर्जीव चलने–फिरने में समर्थ होते हैं। ☐

(ख) पौधे तने द्वारा श्वसन करते हैं। ☐

(ग) मनुष्य वस्तुओं के स्वाद का ज्ञान जीभ द्वारा करता है। ☐

(घ) वायु का रंग सफेद होता है। ☐

(ङ) जल प्राप्ति का प्रमुख स्रोत वर्षा है। ☐

4. एक शब्द में उत्तर दीजिए–

(क) एक सजीव वस्तु का नाम लिखिए। _____

(ख) फल से क्या बनता है? _____

(ग) ध्वनि का अनुभव किस अंग द्वारा होता है? _____

(घ) वायु के जलने में क्या बनाई जाती है? _____

(ङ) बाँध बनाकर जल से क्या बनाई जाती है? _____

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-2** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) किन पशुओं का मांस खाने के काम आता है?

(ख) सीपियों तथा लाख के कीटों से हमें क्या मिलता है?

(ग) हमें घर की आवश्यकता क्यों होती है?

(घ) झाड़ियाँ किसे कहते हैं?

(ङ) आलू पौधे का कौन-सा भाग है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) _____ हमारी तरह बोल सकते हैं।

(ख) केंचुए किसानों के _____ कहे जाते हैं।

(ग) सजीवों के लिए _____ बहुत आवश्यक है।

(घ) गुलाब में _____ होते हैं।

(ङ) फल हमें _____ से प्राप्त होते हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' अथवा 'नहीं' में दीजिए–

(क) कुछ जानवर हमारा मनोरंजन करते हैं। _____

(ख) लाख के कीट से हमें लाख मिलता है। _____

(ग) गंदे घर में बीमारियाँ नहीं होती। _____

(घ) सिंघाड़ा, कमल, जलकुम्भी पौधे हैं। _____

(ङ) दालें पौधों की जड़ हैं। _____

4. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(क) पालतू जानवर

(ख) सफाई करने वाले जीव-जंतु

(ग) आदर्श घर

(घ) कीटभक्षी पौधे

(ङ) जड़ वाले पौधे

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-3** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) सजीव प्राणियों की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

(ख) 'Indian Birds' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(ग) पूँछ पक्षियों के लिए किस प्रकार उपयोगी है?

(घ) पौधों के कितने भाग होते हैं?

(ङ) आँख का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) सभी सजीव प्राणी _____ की देन है।

(ख) सजीव प्राणी ही _____ लेते हैं।

(ग) भारत में _____ प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं।

(घ) टहनी का सबसे सुंदर भाग _____ है।

3. कारण बताइए–

(क) सजीव प्राणी गतिशील होते हैं।

(ख) पक्षी आसानी से उड़ सकते है।

(ग) पत्तियों का रंग हरा होता है।

(घ) हमारे नेत्र कैमरे की भाँति कार्य करते है।

4. उचित मिलान कीजिए–

(क)	(ख)
सजीवों के लिए	तोते की चोंच
नट रदनक	भोजन, जल, वायु जरूरी है।
मूसला जड़े	स्पर्श ज्ञान
त्वचा	सेम, सरसों तथा नीम

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा–4** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) प्ररोह तंत्र किसे कहते हैं?

(ख) मक्का का बीज कितने डिग्री ताप पर अंकुरित होता है?

(ग) जंगली पशुओं की संख्या क्यों घट रही है?

(घ) भोजन से संबंधित तीन नियम लिखिए।

(ङ) मिट्टी कितने प्रकार की होती है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) बीजों का दूर–दूर तक बिखरना _____ कहलाता है।

(ख) नीम के पेड़ से _____ लकड़ी मिलती है।

(ग) गंदगी में _____ के कीटाणु भी हो सकते हैं।

(घ) सर्दी की ऋतु में _____ की फसल बोई जाती है।

3. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(क) पत्ती की संरचना

(ख) फसल–चक्र

4. उचित मिलान कीजिए–

(क)	(ख)
नए पौधे का जन्म	दूध देने वाले पशु हैं।
अनुकूल परिस्थिति पाकर	बीज द्वारा होता है।
गुलाब तथा केवड़े	बीज अंकुरित हो जाते हैं।
गाय, भैस, बकरी	धो लेना चाहिए।
भोज्य पदार्थों को खाने से पहले	से इत्र बनता हैं।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-5** **पूर्णांक : .....**

नोट-लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) प्रमुख चट्टानें कौन-कौन सी हैं?

(ख) पदार्थ किसे कहते हैं?

(ग) ऊर्जा के प्रमुख स्रोतों का वर्णन कीजिए।

(घ) कम्पोस्ट गड्ढा कैसे बनाया जाता है?

(ङ) फूलों का रस चूसने वाले कुछ पक्षियों के लिखिए। इनकी शूंड किस प्रकार की होती है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) _____ एक प्राकृतिक संसाधन है।

(ख) कैंची एक _____ है।

(ग) वायु का दैनिक जीवन में _____ महत्व है।

(घ) ऊँट के कूबड़ में _____ के रूप में भोजन संचित रहता है।

(ङ) हाथी, जिराफ, जेबरा _____ प्राणी हैं।

3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए-

(क) पेट्रोलियम (ख) पदार्थ का आयतन

(ग) प्रदूषण (घ) कीटाहरी

4. एक शब्द लिखिए-

(क) जिन खनिजों से धातुँ निकाली जाती है। _____

(ख) इसका आकार व आयतन निश्चित होता है। _____

(ग) तृतीय वर्ग का उत्तोलक है। _____

(घ) ऊँट के पैरों में रचनाएँ होती है। _____

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-6** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–

(क) पौधों के कौन-कौन से भाग हम खाते हैं? चित्र द्वारा समझाइए।

(ख) संतुलित आहार के क्या उपयोग हैं?

(ग) कृत्रिम धागे किस प्रकार तैयार किए जाते हैं? वर्णन कीजिए।

(घ) आवर्ती तथा अनावर्ती परिवर्तनों को उदाहरण सहित समझाइए।

(ङ) पौधे व जंतुओं के महत्व का वर्णन कीजिए।

2. लघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) हम भोजन के रूप में क्या खाते है?

(ख) जल के कार्य लिखिए।

(ग) निस्पंदन से क्या आशय है?

(घ) मदं एवं तीव्र परिवर्तन को समझाइए।

(ङ) गतिशीलता से आप क्या समझते हैं? यह किसलिए आवश्यक होता है।

3. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) ऐसे दो पौधों के नाम लिखिए जिनके तने खाए जाते हैं।

(ख) रूक्षांश का क्या कार्य है?

(ग) प्राकृतिक रेशे क्या हैं।

(घ) अपकेंद्रण क्या है?

(ङ) तीव्र परिवर्तन से आप क्या समझते हैं?

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) फूलगोभी को हम _____ के रूप में पकाकर खाते हैं।

(ख) प्रोटीन शरीर की _____ में सहायक होते है।

(ग) _____ हमें गर्मी, सर्दी तथा धूल से बचाते हैं।

(घ) मिश्रण एक _____ पदार्थ होता है।

(ङ) अमीबा _____ जंतु है।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-7** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–

(क) मनुष्य में पाचन तंत्र का वर्णन कीजिए।

(ख) रेशम कीट पालन की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन कीजिए।

(ग) ऊष्मा के पाँच प्रभावों का वर्णन कीजिए।

(घ) लवण कितने प्रकार के होते हैं? ये किस प्रकार बनाए जाते हैं?

(ङ) जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

2. लघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) सहजीविता से आप क्या समझते हैं? समझाइए।

(ख) ऊष्मा तथा ताप को सह-संबंधित कीजिए।

(ग) विकिरण तथा संवहन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) क्षारों के भौतिक गुण लिखिए।

(ङ) भारत में मृदा के प्रकार बताइए।

3. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) पोषण की प्रक्रिया में कितने चरण होते हैं?

(ख) धागे क्या हैं?

(ग) ऊष्मा का मात्रक बताइए।

(घ) अम्ल कितने प्रकार के होते है।

(ङ) मौसम की परिभाषा दीजिए।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) घरेलू मक्खी _____ पर बैठती है।

(ख) रेशम कीट _____ की पत्तियाँ खाते हैं।

(ग) ताँबा ऊष्मा का _____ है।

(घ) गर्मियों में मृदा का ऊपर स्तर _____ लगता है।

(ङ) मृदा एक आधारभूत _____ है।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान विज्ञान

समय : ..... **कक्षा-8** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–

(क) किसी लवणीय विलयन के आसवन का नामांकित चित्र बनाइए।

(ख) कार्बनिक रसायन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) वन्य जंतुओं को किन संकटों का सामना करना पड़ता है? समझाइए।

(घ) विभिन्न प्रकार के घर्षण का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ङ) तड़ित किस प्रकार उत्पन्न होती है? वर्णन कीजिए।

2. लघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) अधातुओं के भौतिक गुणों पर प्रकाश डालिए।

(ख) पेट्रोल की जीवाश्म ईंधन क्यों कहते हैं?

(ग) पादप एवं जंतु कोशिका में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) गुरुत्वाकर्षण बल और उत्प्लावन बल से आपका कया तात्पर्य है?

(ङ) श्रव्य तथा अश्रव्य ध्वनियों को समझाइए।

3. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) धातु किन्हें कहते हैं?

(ख) मीथेन को यार्श गैस क्यों कहते हैं?

(ग) संरक्षण से आप क्या समझते हैं?

(घ) तारत्व क्या है?

(ङ) तीन कुचालकों के नाम बताइए।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) अभिक्रिया में बनने वाले पदार्थ _____ कहलाते हैं।

(ख) _____ सरलतम हाइड्रोकार्बन है।

(ग) हरितलवक केवल _____ कोशिकाओं में पाए जाते हैं।

(घ) _____ वह बल है जो किसी वस्तु की गति का विरोध करता है।

(ङ) विद्युत _____ पर निर्भर होता है।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा–1** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) राकेश के कुत्ते का क्या नाम था?

(ख) तारे कहाँ दिखाई देते हैं?

(ग) बब्बन ने आकाश में क्या देखा?

(घ) सियार क्या करता था?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) राकेश _____ में स्नान करने लगा।

(ख) बब्बन ने हाथी की _____ पकड़ी।

(ग) _____ साँस रोककर लेट गया।

(घ) एक दिन _____ और सियार भूखे बैठे थे।

3. 'उ'(ु) तथा 'ऊ'(ू) की मात्रा वाले चार-चार शब्द लिखिए।

4. मिलाकर लिखिए–

(क) म + ह + ा + र + ा + न + ी = _____

(ख) न + ा + ि + र + य + ल = _____

(ग) ट + म + ा + ट + र = _____

(घ) ख + र + ब + ू + ज + ा = _____

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा–2** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) होलिका कौन थी?

(ख) झंडे को किसने सलामी दी?

(ग) कौए कहाँ बैठे थे?

(घ) कौन सुंदर थी और कौन कुरूप?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) सिकंदर बहुत ही _____ है।

(ख) प्रहलाद का हृदय बहुत _____ तथा _____ से पूर्ण था।

(ग) मैदान में छात्र _____ में खड़े हैं।

(घ) कौए _____ करके चिल्लाए।

3. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए–

(क) अशिक्षीत (ख) बेठने

(ग) कीरनों (घ) महातमा

4. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य प्रयोग कीजिए–

(क) विरूद्ध (ख) प्रयत्न

(छ) राष्ट्रगान (ज) सहायता

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा–3** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) वरुणदेव ने लकड़हारे से क्या पूछा?

(ख) शांतनु कौन थे?

(ग) द्वारपाल ने पेशवा को क्या समाचार दिया?

(घ) मंत्री ने डाकू बनने का नाटक क्यों किया?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) हमें _____ वाणी बोलनी चाहिए।

(ख) मंत्री ने गाँव–गाँव में _____ दल बना दिए।

(ग) नवयुवकों में बड़ा _____ है।

(घ) परोपकारी का जीवन _____ होता है।

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) प्रतिदिन (ख) दुर्बल

(ग) संभावना (घ) खुश

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(क) कोमल (ग) दाँव–पेंच

(ख) उत्सुक (घ) प्रतिदिन

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा–4** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) यक्ष का नाम शूलपाणि क्यों पड़ गया था?

(ख) कवि ने धर्म को सुंदर आचरण क्यों कहा है?

(ग) चाणक्य कौन थे?

(घ) झाँसी की रानी किस कारण प्रसिद्ध हैं?

2. दी गई पंक्तियों का भावार्थ लिखिए–

जिस बालक में सदा,
गुरु का मान समाय।
ऐसे बालक का सदा,
ईश्वर होत सहाय।।

3. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए–

(क) पैर (ख) गुरु

(ग) समाधि (घ) जंतु

4. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–

(क) सूर्य (ख) वृक्ष

(ग) राजा (घ) उपवन

5. निम्नलिखित शब्दों को मिलाकर लिखिए–

(क) अमृत + मयी (ग) शूल + पाणि

(ख) निपुण + ता (घ) धर्म + उपदेश

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा–5** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?

(ख) माँ क्यों व्यथित हो गई थी?

(ग) शेर की शारीरिक स्थिति कैसी थी?

(घ) हमें किसकी कृपा से जीवन प्राप्त हुआ है?

(ङ) सुकरात कौन था?

2. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए–

उसने हमको दिया है जीवन,
हमें अपना लक्ष्य बनाना है।
जीवन की राहों को अपनी,
और आसान बनाना है।

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) सुशील (ख) ईमानदार (ग) मेहनती (घ) गुस्सा

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

(क) मधुर (ख) खुशी

(ग) प्रसन्न (घ) विश्वास

5. अपने मित्र को अपने जन्म-दिन पर निमंत्रण-पत्र लिखिए।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा-6** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) मनुष्य के जीवन का सर्वश्रेष्ठ धन क्या है?

(ख) भू-क्षरण किसे कहते हैं?

(ग) मोर तथा मोरनी की बनावट कैसी होती है?

(घ) गाँव में शीतल जल कहाँ-कहाँ मिलता है?

(ङ) बुद्धि दुनिया की सबसे बड़ी चीज है, क्यों?

(च) सीता का जन्म कैसे हुआ था?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) राम ने उसे _____ से घायल कर दिया।

(ख) पर्यावरण का निर्माण _____ ने किया है।

(ग) दरबार में कुछ सभासद _____ से ईर्ष्या करते थे।

(घ) ये आश्रम _____ की शिक्षा के केंद्र होते थे।

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

(क) मार्ग (ख) तालाब (ग) सरिता

(घ) तीर (ङ) सुमन

4. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–

(क) जिसकी भावना बुरी हो। _____

(ख) जो नया-नया पैदा हुआ हो। _____

(ग) जो वर्ष में एक बार हो। _____

(घ) जिसका संकलन किया गया हो। _____

5. निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए–

(क) मीठा (ख) लड़ना

6. निम्न शब्दों के लिंग बताइए–

(क) पेड़ (ख) चिड़िया (ग) गाँव (घ) तीर

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–

(क) राजा (ख) बेटा (ग) आज (घ) सत्य

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा-7** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) कवि अपना सब कुछ ईश्वर पर क्यों वार देना चाहता है?

(ख) जमशेद जी टाटा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ग) झाला सरदार ने राणा प्रताप को शत्रुओं से कैसे बचाया?

(घ) शंकराचार्य के मत का सार क्या था?

(ङ) चिंटू और सुमित कहाँ मिलते थे?

(च) भगवान ने संकट में फँसे पक्षी की सहायता किस प्रकार की?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) राजा कृष्णदेव राय ने _____ की पहाड़ी पर नया महल बनवाया।

(ख) बालचर संस्था _____ के लिए अत्यंत उपयोगी है।

(ग) शंकर तीन वर्ष के ही थे जब इनके _____ का देहांत हो गया।

(घ) जमशेद जी टाटा बड़े _____ और _____ पुरुष थे।

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए–

(क) जड़ (ख) पाप (ग) विरोध (घ) मान

4. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–

(क) प्रदेश (ख) जंगल (ग) मंदिर (घ) लड़ाई

5. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक वाक्य लिखिए–

(क) क्रोधित _____

(ख) वंदनवार _____

(ग) भारत _____

(घ) पण्डित _____

6. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

(क) अंधेरा (ख) झूठ (ग) पथिक (घ) किला

7. निम्नलिखित शब्दों के तुक मिलाने वाले शब्द लिखिए–

(क) अंतर (ख) निर्मल (ग) बलिहारी (घ) तुम्हारा।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान हिन्दी

समय : ..... **कक्षा-8** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) 'धूल भरे हीरे' से कवि का क्या आशय है?

(ख) भारतीय संस्कृति में अहिंसा का क्या स्थान है?

(ग) मार्ग की पहचान पुस्तकों से क्यों नहीं हो सकती?

(घ) किसी भी देश के लिए राष्ट्रीय ध्वज का क्या महत्व है?

(ङ) रामप्रसाद बिस्मिल अगला जन्म भारत में क्यों लेना चाहते थे?

(च) ईश्वरी जमींदारों के पक्ष में क्या दलील देता था?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) वर्तमान समय में _____ की अवस्था बड़ी शोचनीय है।

(ख) पश्चिमी द्वार के पास एक मेज पर रखा हुआ पुराना पंखा _____ है।

(ग) अमेरीका में स्थापित _____ ने भी एक झंडा बनाया।

(घ) _____ और _____ के बीच में विरोध का आभास होता है।

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

(क) उपवन (ख) पवित्र (ग) दुख (घ) आदर

4. निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ सहित भाव स्पष्ट कीजिए–

नीलाम्बर परिधान हरित पट सुन्दर है,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला, रत्नाकर है।
नदियाँ प्रेम-प्रवाह, फूल तारे मण्डन हैं,
बन्दी विविध विहंग, शेषफन सिंहासन है।

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) बालक (ख) माता (ग) दुष्ट (घ) मंद

6. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–

(क) सागर (ख) नदी (ग) मुकुट (घ) नादान

7. निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए–

(क) देव (ख) सज्जन (ग) लघु (घ) मानव

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-1** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. हल कीजिए–

(क) $\begin{array}{r} 7 \\ +\ 2 \\ \hline \square \end{array}$ (ख) $\begin{array}{r} 9 \\ -\ 5 \\ \hline \square \end{array}$ (ग) $\begin{array}{r} 35 \\ +\ 56 \\ \hline \square \end{array}$ (घ) $\begin{array}{r} 67 \\ -\ 60 \\ \hline \square \end{array}$

2. (क) अंकों में लिखिए—

एक सौ उनसठ = ☐ तीन सौ तिहत्तर = ☐

(ख) निम्नलिखित में '>', '=' या '<' का निशान लगाइए—

91 ◯ 19 21 ◯ 24 45 ◯ 45

3. (क) दी हुई संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखिए—

3, 5, 2, 1, 4 = ☐

(ख) दी हुई संख्याओं को घटते क्रम में लिखिए—

9, 4, 3, 5, 7 = ☐

4. एक बस में 15 औरतें और 11 बच्चे बैठे हैं। बताओ बस में कुल कितने व्यक्ति हैं?

5. एक चिड़ियाघर में 11 शेर, 13 चीते और 12 सियार हैं। चिड़ियाघर में कुल कितने जानवर हैं?

6. राजू की छत पर 69 चिड़ियाँ बैठी थीं। 22 चिड़ियाँ उड़ गईं। छत पर कितनी चिड़ियाँ बचीं?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-2** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. **हल कीजिए–**

(क) $\begin{array}{r} 608 \\ +351 \\ \hline \square \end{array}$ (ख) $\begin{array}{r} 521 \\ -214 \\ \hline \square \end{array}$ (ग) $\begin{array}{r} 302 \\ \times 3 \\ \hline \square \end{array}$ (घ) $12\overline{)873}$

2. (क) संख्याओं को आरोही क्रम में लिखिए—

520, 385, 409, 472, 392

(ख) संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखिए—

212, 208, 175, 225, 199

3. (क) गोले में दिए गए अंकों का स्थानीय मान बताइए—

⑤55 8⑤0 91④

(ख) संख्या 435 को प्रसारित रूप में लिखिए।

4. एक विद्यालय में 640 लड़के तथा 435 लड़कियाँ हैं। विद्यालय में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

5. किसी गाँव में कुल 412 पशु हैं। यदि उनमें से 163 पशु मर गए, तो शेष कितने पशु रह गए?

6. यदि एक पेटी में 125 सेब आते हैं, तो ऐसी 7 पेटियों में कुल कितने सेब आएँगे?

7. 12 मजदूरों की एक दिन की मजदूरी ₹ 396 है। एक मजदूर की मजदूरी बताओ।

8. फूलों की एक माला में 35 फूल लगते हैं तो बताओ 8 मालाओं में कितने फूल लगेंगे?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-3** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. हल कीजिए–

(क)	(ख)	(ग)	(घ)
3659	7050	348	173
+ 5250	– 6909	× 6	× 19

2. (क) संख्या 3100 की परवर्ती संख्या लिखिए।

(ख) संख्या 9998 की पूर्ववर्ती संख्या बताइए।

3. (क) दिए गए अंकों से बड़ी-से-बड़ी तथा छोटी-से-छोटी संख्या बनाइए—

	बड़ी से बड़ी संख्या	छोटी-से-छोटी संख्या
6, 0, 9, 4 =		

(ख) चार अंकों की सबसे बड़ी तथा तीन अंकों की सबसे छोटी संख्याएँ लिखिए।

4. एक गाँव में 9785 पुरुष तथा 8786 महिलाएँ हैं। गाँव की कुल जनसंख्या बताइए।

5. एक फार्म में 2430 भेड़ें थीं। इनमें से 890 भेड़ें बेच दी गईं। अब उस फार्म में कितनी भेड़ें शेष है?

6. एक कमरा बनवाने में 8557 ईंटें लगती हैं। 8 कमरे बनवाने में कितनी ईंटें लगेंगी?

7. 19 का पहाड़ा लिखिए।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-4** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. हल कीजिए–

(क) 64042 + 34296 + 89234 (ख) 45698 − 26589 (ग) 6999 × 14 (घ) 12)39368

2. निम्न में से कौन-सी संख्याएँ 11 से विभाजित है—

605, 5379, 2478, 2695

3. दस लाख में कितने शून्य होते हैं?

4. (क) 13628 में क्या जोड़े कि योगफल 15010 हो जाए?

(ख) संख्या 23910 को प्रसारित रूप में लिखिए।

5. (क) संख्या 456273 में अंक 3 व 5 के स्थानीय मान बताओ।

(ख) 6-अंकों की सबसे छोटी व 5-अंकों की सबसे बड़ी संख्या लिखिए।

6. (क) 15 के सभी गुणज लिखिए, जो 45 तथा 165 के बीच हो।

(ख) 30 तथा 40 के बीच की अभाज्य संख्याएँ लिखिए।

7. (क) 1600 पौधे 7 पंक्तियों में लगाए गए। प्रत्येक पंक्ति में कितने पौधे लगाए जायेंगे तथा कितने शेष बचेंगे?

(ख) 5 पैकेटों में 60 पेंसिलें हैं। 3 पैकेट में कितनी पेंसिलें होंगी?

(ग) एक बाग में 360 पेड़ हैं। यदि एक पेड़ पर 122 फल हैं, तो बाग में कुल कितने फल हैं?

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-5** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. सरल कीजिए–

(क) $16\frac{7}{9}+18\frac{4}{63}$ (ख) $5\frac{1}{3}-1\frac{2}{5}$ (ग) $5\frac{2}{7}\div 2\frac{9}{14}$

2. सरल करो–

(क) $8\times 6\div 2-(4+2+1)$

(ख) $8+48\div 2-4\times 4$

(ग) $8^2\times 9^2\times 10^2$

3. (क) भाग विधि से म०स० ज्ञात कीजिए— 140, 576

(ख) 80, 112 तथा 145 का ल०स०प० ज्ञात कीजिए।

4. (क) वर्गमूल निकालिए— 11025, 7056

(ख) घातांकीय रूप में लिखिए— $2\times 2\times 7\times 7\times 7$

5. (क) वह छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे यदि 16, 24, 36 से भाग दिया जाए, तो प्रत्येक दशा में शेष 6 बचे।

(ख) वह बड़ी-से-बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 5985 तथा 2450 को पूरा-पूरा विभाजित करे।

(ग) 1089 के अभाज्य गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।

6. (क) निम्न को हिन्दी संख्याओं में लिखिए— CDIX, DCXLVII

(ख) निम्न को रोमन संख्याओं में लिखिए— 276, 590

7. रिक्त स्थानों में (<) या (=) या (<) भरिए–

(क) $9^3 \bigcirc 3^9$ (ख) 90053195 ◯ 90035236

(ग) $10^3 \bigcirc 1000$

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-6** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) 44 का योगात्मक प्रतिलोम है—(i) +22 (ii) –44 (iii) 44 (iv) 0

(ख) 4 अंकों वाली कुल कितनी संख्याएँ हैं?
(i) 10000 (ii) 1000 (iii) 9000 (iv) 4

(ग) निम्न में से कौन समानुपाती है?
(i) 1, 2, 12, 24 (ii) 21, 25, 42, 48
(iii) 25, 56, 249, 9 (iv) 28, 1, 4, 8

(घ) 24 तथा 96 का म०स०प० होता है—
(i) 36 (ii) 20 (iii) 15 (iv) 540

(ङ) $(x+y)^2$ का मान है, यदि $x=7, y=2$ हो।
(i) 81 (ii) 14 (iii) 28 (iv) 18

2. (क) 7 अंकों वाली कुल कितनी संख्याएँ है?

(ख) –57 का योगात्मक प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

(ग) संख्याओं –3, 0, 6, –6, 8, 3 को आरोही क्रम में लिखिए।

3. निम्नलिखित के मान ज्ञात कीजिए–

(क) $(-1)\times(-2)\times(-3)\times(-4)\times(-5)\times(-6)$

(ख) $96-(-673)-219$ (ग) $10-|-3|+|-14|$

4. सरल कीजिए–

(क) $(3)^3\times(-4)^2$ (ख) $4+[3-\{5-(1+2\times3-5)\}]$

(ग) $(-3)^6\div(-3)^4$

5. (क) एक कार 5 घंटे में 130 किमी० चलती है। यह 8 घण्टे में कितनी दूरी तय करेगी?

(ख) दो संख्याओं 570 तथा 266 का म०स०प० 38 है। उनका ल०स०प० ज्ञात करो।

6. (क) यदि a = 1, b = 2 तथा c = 3 तो (a + b) (a + b + c) का मान ज्ञात कीजिए।

(ख) जोड़िए— $5x^2y,\ 7x^2y, 9x^2y$

7. यदि 6, 18, a तथा 30 समानुपात में हो, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-7** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) 8, 9, 4, 5, 3 की माध्यिका है—

(i) 8 (ii) 3 (iii) 4 (iv) 5

(ख) 75% को साधारण भिन्न में लिखेंगे—

(i) $\frac{75}{10}$ (ii) $\frac{100}{75}$ (iii) $\frac{3}{4}$ (iv) $\frac{75}{100}$

(ग) 9, 9, 5, 9, 6, 4, 8 में बहुलक है—

(i) 9 (ii) 6 (iii) 4 (iv) 5

(घ) $2x^2$ तथा yz का गुणनफल है—

(i) $3 \times x \times x$ (ii) $4 \times x \times y \times z$ (iii) $3 \times x \times x + y \times z$ (iv) $3x^2yz$

(ङ) संख्या 0.000036 को वैज्ञानिक संकेतन के रूप में लिखेंगे—

(i) 36×10^4 (ii) 3.6×10^{-5} (iii) 36×10^6 (iv) 0.36×10^{-5}

2. (क) $\frac{2}{5} \times (\frac{1}{2} - \frac{1}{3})$ का मान बताइए।

(ख) किसी घटना के घटित होने की प्रायकिता $\frac{1}{4}$ है। इसके घटित न होने की प्रायिकता बताइए।

3. (क) 25, 35 व x सतत अनुपात में हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

(ख) एक शहर की जनसंख्या 4400 है। एक वर्ष में यह बढ़कर 4554 हो गई। बढ़ी हुई जनसंख्या का प्रतिशत ज्ञात करें।

4. (क) यदि $\frac{x}{3} + 2x = 14$, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

(ख) एक स्कूल में लड़कियों व लड़कों की संख्या का अनुपात 2 : 5 है। लड़कों की संख्या 225 हो तो ज्ञात कीजिए—

(i) स्कूल में लड़कियों की संख्या (ii) स्कूल में छात्रों का अनुपात

5. किसी क्लब के 60 खिलाड़ियों के खेलों का विवरण निम्न प्रकार है—

खेल	क्रिकेट	फुटबॉल	हॉकी	कबड्डी	तैराकी
खिलाड़ी	12	10	18	12	8

आँकड़ों को दण्ड रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान गणित

समय : ..... **कक्षा-8** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) $2:4:y:6$ में y का मान है—

(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 6

(ख) x का $6\% = 144$ तो x कितना होगा?

(a) 144 (b) 240 (c) 97 (d) 24000

(ग) यदि $A = 12, B = 72$ है, तो $A : B$ का मान होगा—

(a) 72 : 12 (b) 1 : 6 (c) 8 : 12 (d) 6 : 1

(घ) $a^2 + b^2 + 2ab =$ _____

(a) $(a+b)^2$ (b) $(a-b)^2$ (c) a^2+b^2 (d) इनमें से कोई नहीं

(ङ) $(2x-6)(2x+6)$ का मान—

(a) $(2x+6)$ (b) $(2x-6)^2$ (c) $(2x+6)^2$ (d) कोई नहीं

2. (क) यदि विक्रय मूल्य = ₹ 873, हानि 3% तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(ख) 6 कलमों का मूल्य ₹ 24 है, 10 कलमों का मूल्य बताइए।

(ग) यदि एक रेलगाड़ी 96 मीटर लम्बे प्लेटफॉर्म को 12 सेकण्ड में तथा 141 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 15 सेकण्ड में पार करती है, तो रेलगाड़ी की लम्बाई क्या है?

3. (क) एक बाग में 1600 पेड़ हैं। इनमें 18% आम के पेड़, 10.5% नींबू के पेड़, 30.5% अमरूद के पेड़ हैं तथा शेष सन्तरे के पेड़ हैं। प्रत्येक प्रकार के पेड़ों की संख्या बताइए।

(ख) दो संख्याओं का योग 50 तथा उनका अन्तर 20 है। संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

4. (क) हल कीजिए (प्रतिस्थापन विधि द्वारा) : $5x - 3y = 9$

$2x - y = 4$

(ख) $29\frac{791}{1000}$ का घनमूल ज्ञात करो।

5. (क) यदि $y - \frac{1}{y} = 6$ हो, तो $y^4 + \frac{1}{y^4}$ का मान ज्ञात करो।

(ख) P का मान ज्ञात कीजिए, जबकि $P^3 = \left(\frac{2}{11}\right)^{12} \div \left(\frac{2}{11}\right)^{9}$

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान संस्कृत

समय : ..... **कक्षा-1** **पूर्णांक : .....**

नोट–लेख साफ व सुंदर लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) संस्कृत वर्णमालायां कति वर्णा: सन्ति?

(ख) 'रजक:' इति शब्दस्य कोऽर्थ:?

(ग) संस्कृत भाषायां कति लिङ्गा: सन्ति?

(घ) नपुंसकलिङ्गस्य एकम् उदाहरणं दतत।

2. निम्नलिखित शब्दों की हिंदी लिखिए–

ऊर्मिका, ओदनम्, झष:, पन्नग:, दर्दुर:, सारिका।

3. निम्नलिखित अक्षरों को मिलाकर लिखिए–

म + ी + न + : = _____ क + ृ + ष + क + := _____

न + ौ + क + ा = _____ ध + ् + न + ु + : = _____

4. निम्नलिखित शब्दों के लिङ्ग लिखिए–

शशक:, चटका, सिंही, आर्द्रकम्, मूषक:, आम्रम्।

5. निम्नांकित चित्रों को देखकर इनके संस्कृत में नाम लिखिए–

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय—मुस्कान संस्कृत

समय : ..... **कक्षा-2** **पूर्णांक : .....**

